झारखण्ड सरकार

# कार्यालय – वन प्रमंडल पदाधिकारी,
# हजारीबाग पश्चिमी वन प्रमंडल, वन भवन, हजारीबाग

☎ 06546-222339, Fax no.06546-222339, Email- dfohazwest@jharkhandmail.gov.in


पत्रांक :– दिनांक :–

सेवा में,

Chief Project Manager,
Dedicated Freight Corridor Corporation of India Limited,
18/N Ground Floor, Block – A, New Alipor,
Kolkata, West Bengal – 700053

विषय :– डेडीकेटेट फ्रेट कोरीडोर द्वारा दानकुनी पश्चिम बंगाल से सोननगर सेक्शन निर्माण पूर्वी डेडीकेटेट फ्रेट कोरीडोर के तहत कोडरमा Detour (PPP Mode) से हजारीबाग जिला (Detour Section) के निर्माण हेतु 204.029 हे0 (हजारीबाग पश्चिमी वन प्रमंडल– 121.229 हे0, हजारीबाग वन्य प्राणी प्रमंडल– 82.80 हे0) वन भूमि अपयोजन प्रस्ताव के संबंध में।

प्रसंग:– आपका पत्रांक KKK/EN/ Forest / Hazaribagh/173/2062 दिनांक 13.04.2018 ।

महाशय,

उपरोक्त विषयक प्रासंगिक पत्र द्वारा विषयगत प्रस्ताव में इस कार्यालय के पत्रांक 1355 दिनांक 29.03.2018 द्वारा उठाये गये त्रुटियों का निराकरण कर अनुपालन प्रतिवेदन यथा संशोधित प्रस्ताव ऑन लाईन दिनांक 13.04.2018 को समर्पित किया गया है तथा ऑफ लाईन संशोधित प्रस्ताव (Hard Copy) दिनांक 17.04.2018 को समर्पित किया गया है।

समर्पित प्रस्ताव संख्या FP/ JH/ RAIL/ 18720/ 2016 दिनांक 13.04.2018 के अवलोकनोपरान्त एवं जांचोपरान्त निम्नलिखित त्रुटियां पाई गई जो निम्नवत हैं :–

(1) प्रस्ताव के साथ समर्पित मौजा नरैना थाना बरकठा थाना नं0 26 के चादर नं0 1 संलग्न है, लेकिन नक्शा में प्लौट नं0 680 का रकवा 1.95 एकड लैण्डसिडुल अंकित नहीं किया गया है साथ ही इस मौजा का संलग्न नक्शा वर्ष 1911–12 का है जबकि भूमि का विवरणी में नया सर्वे का प्लौट अंकित है जिससे मानचित्र एवं लैण्ड सिडुल प्लौट संख्या का मिलान करना सम्भव नहीं है। अतः वर्ष 1911–12 के नक्शा पर पूराने प्लॉट दर्शाया जाये जिससे कि मिलान किया जा सके।

(2) मौजा फुलवरीया थाना चौपारण थाना नं0 227 के प्लौट सं0 1104 अधिसूचित वन भूमि नहीं है तथा जागोडीह में लैण्ड सिडुल में नाला का प्लौट नं0 17 एवं 20 हटा दिया गया है लेकिन मानचित्र में नही हटाया गया है, जिसका सुधार अपेक्षित है। साथ ही मौजा जागोडीह, थाना – चौपारण, थाना नं0 231 नक्शा संलग्न नहीं है, जिसे संलग्न किया जाय।

(3) हजारीबाग पश्चिमी वन प्रमंडल क्षेत्राधीन पड़नेवाले मौजा में कराये गए गणना का समर्पित गणना सूची का सारांश निम्नलिखित प्रपत्र में दी जाय। जिसमें कुल वृक्षों का योग ग्रामवार सूची प्रदर्शित करते हुए Compte एवं Sampling Method से अलग एवं पूर्ण गणना की सूची अलग–अलग हो ।

| क्र0सं0 | प्रक्षेत्र का नाम | ग्राम का नाम | प्रजाति | कुल गणना किये गये वृक्षों की संख्या | वृक्षो का गर्थ (मीटर में) |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | |

(4) प्रस्तावित वन भूमि अपयोजन के कम में चयनित क्षतिपूरक वनरोपण का मैप इस कार्यालय द्वारा आपके अधिनस्थ कर्मचारी को उपलब्ध करा दिया गया है। साथ ही उक्त स्थल का Shape file, का Soft copy C.D के साथ संलग्न है। अनुरोध है कि चयनित क्षतिपूरक वनरोपण का KML नक्शा Co-ordinate के साथ शीघ्र समर्पित करें।

(5) प्रस्तावित अपयोजित होने वाली वन भूमि में प्लौट नं0 /रकवा में आपके द्वारा सुधार किया गया है। सुधार रकवा/प्लॉट का गैरमजरूआ जंगल–झाडी का अनापति प्रमाण पत्र उपायुक्त से प्राप्त कर संलग्न किया जाय।

(6) प्रस्तावित अपयोजित होने वाली वन भूमि में आपके द्वारा प्लॉट रकवा में संशोधन किया गया है, जिसके कारण अपयोजित होने वाली वन भूमि का रकवा एवं वनाधिकार अधिनियम 2006 से संबंधित निर्गत प्रमाण–पत्र का रकवा /प्लौट में अन्तर है जबकि एकरूपता होना चाहिए, संलग्न किया जाय।

(7) पूर्व में आपके पत्रांक 1992 दिनांक 21.03.2018 द्वारा प्रस्तावित अपयोजित होने वाली वन भूमि का रकवा 121.229 हे0 दर्शाया गया था, लेकिन प्रासंगिक पत्र के साथ संलग्न भूमि की विवरणी में इस प्रमंडल का रकवा 121.180 हे0 दर्शाया गया है, लेकिन प्रासंगिक पत्र के विषय में पुराना रकवा ( 121.229 हे0) ही दर्शाया गया है। अतः अनुरोध है कि प्रासंगिक पत्र दिनांक 13.04.2018 के विषय में सुधार करते हुये On-line upload करें एव Hard copy में भी सुधार कर समर्पित करें।

(8) आपके द्वारा समर्पित प्रस्ताव अनुलग्क के अनुरूप सिल–सिलेवार तरीके से समर्पित नहीं किया गया तथा प्राधिकृत पदाधिकारी का हस्ताक्षर भी सम्पूर्ण अभिलेख में नही है।

अतः प्रस्ताव मूल रूप में सभी प्रतियों में इस पत्र के साथ संलग्न कर वापस करते हुए अनुरोध है कि उपरोक्त इंगित त्रुटियों का निराकरण कर आवश्यक अभिलेखों/ प्रतिवेदनों के साथ संशोधित प्रस्ताव समर्पित करने की कृपा की जाय ताकि प्रस्ताव पर अग्रेतर कार्रवाई की जा सके।

<u>अनुलग्नकः– यथोक्त।</u>

विश्वासभाजन,

ह0/–
वन प्रमण्डल पदाधिकारी
हजारीबाग पश्चिमी प्रमंडल

ज्ञापांकः 2318 दिनांकः 28/04/2018

प्रतिलिपि वन संरक्षक, प्रादेशिक अंचल, हजारीबाग / क्षेत्रीय मुख्य वन संरक्षक, हजारीबाग / प्रधान मुख्य वन संरक्षक–सह–कार्यकारी निदेशक, बंजर भूमि विकास बोर्ड झारखण्ड रांची को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु समर्पित।

28/4

वन प्रमंडल पदाधिकारी
हजारीबाग पश्मिची प्रमंडल